**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 09 व एनबीडब्लू में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक- 08.12.2023**

**दिनांक 07/08.12.2023 को रात्रि थाना मड़ियांव 04, मोहनलालगंज 05 व एनबीडब्लू में थाना नाका 01, महानगर 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 09 एनबीडब्लू में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 दक्षिणी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।**

**थाना गोसांईगंज**-दिनांक 08.12.2023 को उ0नि0 श्री मनिन्दर सिंह थाना गोसांईगंज द्वारा मय हमराही व फोर्स के दौराने गस्त अभियुक्त 01-बेचालाल पुत्र स्व0शम्भू निवासी पंचसरा थाना गोसाईगंज लखनऊ को लोनी नदी का पुल, गोसाईगंज से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना गोसांईगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0**

**थाना गोमतीनगर**-दिनांक 08.12.2023 को थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री डा0मुबीन पुत्र स्व0 मो0अमीन निवासी- 3/222 विनय खण्ड-3 विधायक पुरम थाना गोमती नगर लखनऊ (तृतीय तल किराये का मकान) ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि दिनांक 07/12/2023 को समय करीब 15.15 बजे वादी का पुत्र मोबीन घर से कोचिंग के लिए गया था उसके बाद वादी के घर पर कोई नही था। वादी दिनांक 07/12/2023 को समय करीब 20.00 बजे जब घर आया तो देखा कि वादी के घर का दरवाजा खुला हुआ था और वादी के घर में रखे सोने व चांदी के कीमती जेवरात व नगदी को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गोमतीनगर पर मु0अ0सं0- 703/2023 धारा- 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना बीकेटी-** दिनांक 08.12.2023 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि वादी श्री अंजनी कुमार सिंह पुत्र श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी-अर्जुनपुर थाना इंटौंजा लखनऊ ने थाना बीकेटी पर सूचना दिया कि दिनांक 07/12/2023 को समय करीब 21.00 बजे वादी का भतीजा अमन सिंह पुत्र श्री गंभीर सिंह निवासी उपरोक्त नाहिरा पेट्रोल पंप के पास स्थित जिम से वापस घर जा रहा था कि दिगोई क्रासिंग के सामने अचानक 03 अज्ञात बाइक सवार आए और अचानक वादी के भतीजे के ऊपर लोहे की राड से सिर पर हमला किया तथा धारदार हथियार से पीठ पर हमला किया जिससे वादी के भतीजे अमन सिंह उपरोक्त को गंभीर चोटें आई है तथा वादी के भतीजे के गढ्ढे में गिर जाने पर उसकी मो0सा0 सं0- यूपी32 केए् 4766 अपाचे लेकर भाग गए व अपने साथ लाए मो0सा0 सं0- यूपी77एसी0119 हीरो एचएफ डीलक्स छोड़कर भाग गए। **इस सूचना पर थाना बीकेटी पर मु0अ0सं0- 449/2023 धारा- 394 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना अमीनाबाद-** दिनांक 08.12.2023 को थाना अमीनाबाद द्वारा बताया गया कि वादी श्री शशांक साहू निवासी- 111/10के गन्ने वाली गली साई बाबा मन्दिर अमीनाबाद लखनऊ ने थाना अमीनाबाद पर सूचना दिया कि वादी को दिनांक 18.11.2023 को एक आईवीआर कॉल प्राप्त हुई थी कि वादी के Mobikwik Wallet खाता किसी अन्य डिवाइस से लॉगिन करने के लिए कह रहा था। वादी द्वारा मना कर दिया गया कि अचानक वादी के फोन पर कई एप्लिकेशन के लॉगिन ओटीपी के लिए 600 से अधिक टेक्स्ट संदेश प्राप्त हुए जिनमें वादी का खाता था। वादी ने अपने ईमेल पर देखा कि वादी के Mobikwik Wallet से लेनदेन किया गया था। दिनांक 18/11/2023 को समय करीब 22:27 बजे को किसी ने एक नए डिवाइस से वादी का खाता लॉग किया और लेन-देन शुरू हो गया। नए डिवाइस से जुड़ा IP Address (42.105.1.13) था। सबसे पहले उसने वादी के Mobikwik Zip Pay Leter खाते से जिसमें क्रेडिट सीमा 60,000/- रूपये थी फिर उसने दो लेन-देन किए, जिसमें उसने इस सीमा राशि को अपने क्रेडिट कार्ड (Credit Card) बिल में स्थानांतरित कर दिया है। **इस सूचना पर थाना अमीनाबाद पर मु0अ0सं0- 70/2023 धारा- 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**